# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ओलंपिक के बाद हर परिवार में खेल की चर्चा शुरू हुई: सीएम

**शुभारम्भ**

## सीएम ने किसा बहुद्देशीय खेल सभागार में राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को परेड ग्राउंड, देहरादून स्थित बहुद्देशीय खेल सभागार में राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। यह प्रतियोगिता 07 से 14 दिसम्बर 2021 तक चलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमारे जीवन में उस सतरंगी इन्द्रधनुष के समान है, जो बारिश के बाद काले बादलों के बीच निकलकर रंग–बिरंगी दुनिया का संदेश देता है। खेल समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। टीम भावना से खेलना आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार ओलंपिक और पैरालिंपिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आज युवा ईको सिस्टम को देख रहा है, समझ रहा है। ओलंपिक के बाद हर परिवार में खेल की चर्चा शुरू हुई है, इसे रुकने नहीं देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से जहां खिलाड़ियों को अपना जज्बा दिखाने का मौका मिलता है वहीं वे दूसरे राज्यों की संस्कृति से भी रूबरू होते हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ''खेल नीति–2021'' को लागू किया है। 'उत्तराखंड खेल नीति 2021' में खेल, खिलाड़ियों के उन्नयन, खेल प्रतिभाओं को तलाशने, निखारने व उभारने, खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने, खिलाड़ियों के नियोजन, सामान्य आहार के साथ–साथ एक्स्ट्रा न्यूट्रिएंट्स फूड डाइट की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए रोजगार के अवसर तथा सम्बंधित पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। युवाओं में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए उचित आर्थिक प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही भविष्य में उत्तराखंड, खेल प्रदेश के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगा। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश–प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल विश्वविद्यालय बनाने के लिए भी कृतसंकल्प है। स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर को अंतराष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय बनाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधा दी गई है।

## न्यूज डायरी

### दो सालों में विश्वविद्यालय में किए गए अहम सुधाररू कुलपति

**संवाददाता** नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय उत्तराखंड में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर कुलपति डा. पीपी ध्यानी ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक व वित्तीय छवि को सुधारने का काम तेजी से किया गया है। कार्यभार संभालते ही सुधार के लिए प्राथमिकताएं तय कर कड़े निर्णय लेकर काम किया गया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कुलपति डा. ध्यानी ने बताया है कि कार्यभार संभालते ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक ढांचे को दुरुस्त करना, परीक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर नकलविहीन परीक्षाएं संपादित करवाना, मान्यता प्रणाली को पूरी तरह से पारदर्शी, जबाबदेही व भ्रष्टाचार मुक्त बनाना रखा था।

### मोबिल इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म '83' से जुड़ा

**संवाददाता** देहरादून। भारत में इंजन ऑयल के प्रमुख ब्राण्डर मोबिल ने साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म '83' के साथ गठजोड़ किया है, जो इस क्रिसमस पर सिल्वर स्क्रींन्सि पर छाने के लिये तैयार है। इस स्पोर्ट्स ड्रामा के जरिये भारत 1983 क्रिकेट वर्ल्ड कप में मिली ऐतिहासिक जीत को याद करेगा। यह मूवी निश्चित रूप से पूरे देश में देशभक्ति के उत्साह का संचार करेगी। रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली '83' अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। फिल्मो के शौकीन लोग तब से ही इस मूवी की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब मेकर्स ने इसके थियेटर में रिलीज होने की घोषणा की थी। यह फिल्मि 1983 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में बड़े मनोबल वाले 14 आदमियों का सफर दिखाएगी।

### टर्टल वैक्स विंटर में प्रभावी कार केयर के साथ कई समस्याओं का सॉल्यूशन

**संवाददाता** देहरादून। सर्दियों के मौसम में लोग अपने साथ–साथ अपने वाहनों का भी खासा ख्याल रख रहे हैं। इसी के चलते शिकागो की कार केयर उत्पाद निर्माता कंपनी टर्टल वैक्स ने विंटर सीजन में आपके व्हीकल्स को प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रोडक्ट रेंज प्रस्तुत की है। इनमें पेंट वर्क, व्हील, टायर्स, अपहोस्ट्री और प्लास्टिक को सुरक्षित रखने के लिए प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इसके साथ ही दो–पहिया और चार–पहिया वाहनों के सर्फेस एरिया को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोडक्ट शामिल हैं। टर्टल वैक्स व्हीकल के इंटीरियर और एक्सटीरियर दोनों के लिए अग्रणी और आकर्षक कीमत वाले टर्टल वैक्स उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है।साथ ही टायर केयर, पेंट वर्क प्रोटेक्शन, ऑडर रिमूवर, ग्लास क्लीनर, ट्रिम रिस्टोरर आदि को सहेजने का काम करते हैं।

## कलीच गांव के ग्रामीणों व लोनिवि के बीच गहराता जा रहा विवाद

**संवाददाता** पुरोला। मोरी ब्लाक के बंगाण क्षेत्र के आराकोट कलीच थुनारा डामटी मोटर मार्ग के निर्माण में कलीच गांव के ग्रामीणों व लोनिवि के बीच विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीण कलीच गांव के पास कटिंग किए गए भाग पर सुरक्षा दिवाल लगाने के बाद आगे कटिंग करने की मांग कर रहे है लेकिन विभाग कटिंग करने पर ही अड़ा हुआ है।

विभाग के सहायक अभियंता ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर करीब दो दर्जन से अधिक लोगो पर सरकारी कार्य में व्यवधान डालने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य सुचारू संचालन करने हेतु पुलिस फोर्स मुहैया कराने की मांग की है। मोरी ब्लाक के बंगाण क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा गत दो वर्षो से आराकोट कलीच थुनारा डामटी 12किमी मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में कलीच गांव का करीब 7 किमी भूभाग आ रहा है जहां ग्रामीणों के बागीचे व आवासीय मकान शामिल है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा यहां मोटर मार्ग निर्माण में मनमर्जी का कार्य किया जा रहा है कलीच गांव से आगे 5किमी थुनारा तक कटिंग हेतु मशीने पहुंचाने हेतु विभाग द्वारा यहां कुछ कटिंग कर दी गई है लेकिन सुरक्षा दिवाल कंही नही लगाई गई है और अब चौड़ीकरण के नाम पर और कटिंग की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में की गई कटिंग से उनके बागीचो में भारी भूस्खलन होने से बागीचे तबाह हो गए है और मकानो को भी खतरा पैदा हो गया है।



## कांग्रेस का घोषणापत्र जन समस्याओं के अनुरूप ही होगा तैयार

**संवाददाता** पुरोला। ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यमुनाघाटी का भ्रमण कर आगामी विधानसभा चुनाव हेतु कांग्रेस के घोषणापत्र के लिए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे। उन्होने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र जन समस्याओ के अनुरूप ही तैयार किया जाएगा। ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अविनाश थानवी एवं अभिनव शर्मा ने यमुना घाटी के पुरोला, मोरी,नौगांव पहुँच कर आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए आम जन एवं जन प्रतिनिधियों की समस्याएँ समझी एवं सुझाव लिए। उन्होने आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओ से भी भेंट की एवं सुझाव मांगे। इस दौरान कांग्रेस के जिला प्रभारी दिनेश खत्री व अन्य प्रमुख कांग्रेसजन भी उपस्थित रहे। इस बार कांग्रेस "प्रतिज्ञा पथ पर उत्तराखण्ड" नारा देकर एक विकासशील घोषणा पत्र बनाने का प्रयास कर रही है।

## भाजपा के प्रति आमजन का हो रहा मोहभंगः गणेश गोदियाल

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है जो सभी धर्मों, वर्गों, सम्प्रदायों एवं जातियों का सम्मान करती है। पार्टी ने आजादी से लेकर आज तक राजनीति के साथ–साथ समाज सुधारक के रूप में भी काम किया है। जबकि भाजपा के प्रति आमजन का मोहभंग हो रहा है।

मंगलवार को राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में अन्य पार्टियों के कार्यकर्त्ध्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस ने समाज को एक नई दिशा दी है। चाहे लोकसभा चुनाव हों, या विधानसभा चुनाव भाजपा ने झूठे वादे करने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में महंगाई, भ्रष्टाचार व लोकतंत्र को तार–तार करने के सिवा कुछ नहीं दिया है। इस अवसर पर विधायक फुरकान अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री मथुरादत्त जोशी, कैप्टन बलवीर सिंह रावत, मेजर हरि सिंह चौधरी, कर्नल एसपी शर्मा, कर्नल मोहन सिंह रावत, आशा टम्टा, राव शेर मोहम्मद, श्याम सिंह, मनोज तलियान, नारायण सिंह नेगी, सहदेव प्रसाद शर्मा, सीएम भट्ट, बीएस बिष्ट, केएस राणा आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।




**सौ से अधिक हुए कांग्रेस में शामिलः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल की उपस्थिति में हरिद्वार से पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुल्कीराज सैनी, कर्नल निधिकांत ध्यानी (से.नि.),कर्नल राजेंद्र प्रसाद बड़थ्ध्वाल (से.नि.), मेजर केएन शर्मा (से.नि.) ने अपने सहयोगियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## उद्योग मंत्री ने किया रामनगर इंडस्ट्रियल क्षेत्र का दौरा

**संवाददाता** रुड़की। उद्योग मंत्री गणेश जोशी ने रामनगर इंडस्ट्रियल क्षेत्र का दौरा किया। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र की जमीन को फ्री होल्ड करने, जल भराव की समस्या के समाधान की मांग उठाई। रुड़की स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से रवि प्रकाश और मुकेश शर्मा, सिडकुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन की ओर से हरेंद्र गर्ग और अजय जैन, भगवानपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से एनपी शुक्ला व अशोक शुक्ला ने उनका स्वागत किया। सरकार की ओर से इंडस्ट्री को समय–समय पर मिलने वाले सहयोग पर धन्यवाद दिया। उद्यमियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें इंडस्ट्रियल क्षेत्र में लीज की जमीन को फ्री होल्ड करने, जल भराव से मुक्ति के उपाय करने का आग्रह किया गया। इसके अलावा इंडस्ट्रियल क्षेत्र में अग्नि शमन की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया। मंत्री गणेश जोशी ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।